नवभारत टाइम्स

सभी स्कूलों में 'विपश्यना' क्लास कंपलसरी

30 Oct 2011, 0400 hrs IST

प्रमुख संवाददाता॥ मुंबई

महाराष्ट्र के सभी प्राइमरी और सेकेंडरी स्कूलों में विपश्यना साधना की क्लास चलाने का आदेश सरकार ने दिया है। सभी स्कूलों को आदेश दिया गया है कि वे पढ़ाई शुरू करने से पहले 10 मिनट विपश्यना के लिए अलग से रखें। इसके लिए टाइम टेबल बदलने का आदेश शिक्षा विभाग ने दिया है।

इस मुद्दे पर सरकारी परिपत्र इस महीने की शुरुआत में जारी कर दिया गया था। शनिवार को सरकारी विज्ञप्ति में इसकी अधिकारिक जानकारी सरकार की ओर से दी गई।

नाशिक जिले के इगतपुरी इलाके में काम करने वाले विपश्यना रिसर्च इंस्टिट्यूट को राज्य के स्कूली बच्चों की स्मरणशक्ति, एकाग्रता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है। हर स्कूल के एक शिक्षक को इगतपुरी स्थित संस्था के सेंटर में रहकर वहां आयोजित होने वाले 10 दिन के कोर्स में हिस्सा लेने का निर्देश सरकार की ओर दिया गया है। इसके बदले में उस शिक्षक को 14 दिन की विशेष छुट्टी दी जाएगी। संबंधित शिक्षक विपश्यना इंस्टिट्यूट का सर्टिफिकेट स्कूल को पेश करेगा और आगे दूसरे शिक्षकों को इगतपुरी जाकर कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

हर स्कूल को अपने यहां लगने वाली विपश्यना क्लास के लिए दरियां, लाउडस्पीकर और हॉल की व्यवस्था करनी होगी। एक या दो क्लासों के 50 से 10 विद्यार्थियों को इक्ट्ठा करके उनके लिए 5-6 घंटो की विपश्यना क्लास चलाई जाएगी।